राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

"आजादी का अमृत महोत्सव" तथा "विश्व पर्यावास दिवस" के अवसर पर आवास वित्त कंपनियों के अधिकारियों हेतु निबंध प्रतियोगिता

राष्ट्रीय आवास बैंक **आज़ादी के अमृत महोत्सव की गतिविधियां तथा विश्व पर्यावास दिवस** के अवसर पर आवास वित्त कंपनियों के अधिकारियों हेतु एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

2. थीम/विषय **आजादी का अमृत महोत्सव तथा विश्व पर्यावास दिवस 2021 (आज़ादी के 75वें वर्ष का महोत्सव)** दोनों पर आधारित है।

1. **आज़ादी के 75 वर्ष - भारत में आवास हेतु उपलब्धियां एवं भावी परिदृश्य**
2. **भारत में ऊर्जा कुशल आवास - चुनौतियां एवं अवसर**
3. **भारत में किफायती आवास के सपने को साकार करना**
4. **रिवर्स मॉर्टगेज : संभावित एवं संस्थागत बाधाएं**

निबंध अंग्रेजी या हिंदी में हो सकता है तथा निबंध 2000 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए। हिंदी हेतु दिशानिर्देश अलग से संलग्न हैं।

पात्रता:
प्रतियोगिता केवल आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के अधिकारियों के लिए ही आयोजित की जा रही है।

प्रविष्टियां:
निबंध की सॉफ्ट कॉपी रा.आ.बैंक को niladri.bose@nhb.org.in या sukriti.wadhwa@nhb.org.in पर संलग्नक के रूप में मेल की जा सकती है। मेल का विषय **"आजादी का अमृत महोत्सव (स्वतंत्रता के 75 वर्ष के महोत्सव) तथा विश्व पर्यावास दिवस 2021" हेतु निबंध प्रतियोगिता होना चाहिए।**

निबंध प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02 अक्टूबर, 2021 है।

पुरस्कार:

पहला पुरस्कार	₹ 25,000/-
दूसरा पुरस्कार	₹ 15,000/-
तीसरा पुरस्कार	₹ 10,000/-
सांत्वना पुरस्कार:	10 पुरस्कार ₹2,500/- प्रत्येक

अन्य नियम और शर्तें:

i. प्रविष्टि मूल होनी चाहिए तथा पहले से प्रकाशित नहीं होनी चाहिए।

ii. आवास वित्त कंपनी के अधिकारियों को इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा को प्रविष्टि के साथ प्रस्तुत करना होगा जिसमें कहा गया हो कि निबंध प्रकाशित नहीं हुआ है तथा घोषणा को कवरिंग मेल के साथ ही स्कैन प्रति के रूप में संलग्न किया जाना होगा।

   घोषणा में यह इंगित करना अपेक्षित होगा कि "मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि यह निबंध मूल है तथा इसे प्रकाशित नहीं किया गया है" इसके अतिरिक्त, अधिकारी कवर ई-मेल पर अपना संपर्क नंबर तथा निबंध के विषय के साथ अपना नाम और आ.वि.कं. का नाम अवश्य लिखें।

iii. हालाँकि, निबंध के अंदर कहीं भी अधिकारी के नाम का उल्लेख नहीं होना चाहिए। कोई हस्तलिखित प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, निबंध, अंग्रेजी के लिए 1.15 स्पेसिंग के साथ फ़ॉन्ट साइज़ 12 और एरियल फ़ॉन्ट में होना चाहिए।

iv. राष्ट्रीय आवास बैंक के पास पुरस्कृत निबंध एवं अन्य चुनिंदा निबंधों को संग्रह करके ई-प्रकाशन/प्रकाशन के रूप में प्रकाशित करने का अधिकार है। निबंध के लेखक को उचित श्रेय दिया जाएगा।

v. निबंध के लिए निर्धारित शब्द सीमा का गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए।

vi. दिनांक 02 अक्टूबर, 2021 शनिवार को दोपहर 12.00 बजे के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

vii. अन्य स्रोतों से सभी संदर्भों एवं सामग्रियों को विधिवत रूप से इंगित किया जाना चाहिए।

viii. प्रविष्टियों की जांच राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा नियुक्त निर्णायकों के पैनल द्वारा की जाएगी।

परिणाम की घोषणा:

राष्ट्रीय आवास बैंक पुरस्कार विजेताओं को सूचित करेगा तथा पुरस्कार नियत समय पर तय की गई तिथि को वितरित किए जाएंगे

xxxxxxxxx